दैनिक
न्याय साक्षी



संपादकीय

# वांगचुक ने आवाज उठाई

सोनम वांगचुक गांधी जयंती के मौके पर राजधानी आकर अपनी वे शिकायतें सरकार को बताना चाहते थे, जिनको लेकर कई महीनों से वे शक्तिशाली जन आंदोलन चला रहे हैं। लेकिन केंद्र उनसे संवाद तक करने को तैयार नहीं है।

समझना मुश्किल है कि शातिपूर्ण ढंग से अपनी शिकायतें सरकार तक पहुंचाने दिल्ली आए सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों को क्यों सिंघु बॉर्डर पर हिरासत में ले लिया गया? वांगचुक गांधी जयंती के मौके पर राजधानी आकर अपनी वे शिकायतें सरकार को बताना चाहते थे, जिनको लेकर कई महीनों से वे शक्तिशाली जन आंदोलन चला रहे हैं। कुछ महीने पहले उन्होंने लद्दाख में अपनी मांगों के समर्थन में लंबा उपवास भी रखा था।

लद्दाख में उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि उन्हें हिरासत में लिए जाने की खबर पहुंचते ही स्वतःस्फूर्त ढंग से पूरे इलाके में आम हड़ताल हो गई। वांगचुक की निर्दलीयता निर्विवाद है। जिस समय कश्मीर में अधिकांश ताकतें धारा 370 हटाने के खिलाफ थीं, वांगचुक ने इस कदम और लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने का समर्थन किया था। लेकिन जब उन कदमों से लद्दाख की उम्मीदें पूरी नहीं हुईं, तो वांगचुक ने आवाज उठाई। इसी बीच चीन ने लद्दाख के बड़े इलाके में घुसपैठ कर ली, जिससे वहां के चरवाहों की जमीन उनकी पहुंच से बाहर हो गई। वांगचुक ने यह सवाल भी उठाया।

शायद यही बात नरेंद्र मोदी सरकार को चुभ गई, क्योंकि ये मसला उसकी दुखती नब्ज है। वांगचुक और उनके डेढ़ सौ समर्थकों ने एक सितंबर को लेह से दिल्ली तक पैदल यात्रा शुरू की थी। 30 सितंबर को जब यात्रा सिंघु बॉर्डर के रास्ते दिल्ली में दाखिल हुई, तो पुलिस ने वांगचुक और उनके समर्थकों को हिरासत में ले लिया। लद्दाख के लोग पिछले पांच साल लद्दाख में विधानसभा बनाने, लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और उसे सविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं।

इनके अलावा लेह और कारगिल के लिए लोकसभा की सीटें और राज्यसभा में भी प्रतिनिधित्व की भी मांग है। वांगचुक ने चीनी कब्जे से लद्दाख के इलाके को छुड़ाने की मांग भी रखी है। इसके अलावा चूंकि वे पर्यावरणवादी कार्यकर्ता हैं, इसलिए लद्दाख के बिगड़ते पर्यावरण को संभालने के कदम उठाना भी उनकी एक प्रमुख मांग है। मगर सरकार को इन मांगो से परेशानी है। उनसे संवाद तक करने को वह तैयार नहीं है।

# सुदर्शन केमिकल ने ह्यूबैक ग्रुप के अधिग्रहण के लिए किया निर्णायक समझौता

**मुंबई**




सुदर्शन केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एससीआईएल या कंपनी) ने घोषणा की है कि उसने एक परिसंपत्ति और शेयर सौदे के संयोजन में अधिग्रहण पर जर्मनी स्थित ह्यूबैक समूह के साथ एक निर्णायक समझौता किया है। इस रणनीतिक अधिग्रहण से एक वैश्विक पिगमेंट कंपनी बनेगी, जो एससीआईएल के परिचालन और विशेषज्ञता को ह्यूबैक की तकनीकी क्षमताओं के साथ जोड़ेगी।

अधिग्रहण के बाद, संयुक्त कंपनी के पास उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का एक व्यापक पिगमेंट पोर्टफोलियो होगा और यूरोप और अमेरिका सहित प्रमुख बाजारों में इसकी मजबूत उपस्थिति होगी। यह एससीआईएल के उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ़ाएगा, जिससे इसे ग्राहकों तक पहुंच मिलेगी और वैश्विक स्तर पर 19 साइटों पर एक विविध परिसंपत्ति पदचिह्न मिलेगा। संयुक्त कंपनी का नेतृत्व राजेश राठी और उच्च प्रदर्शन करने वाली प्रबंधन टीम द्वारा किया जाएगा, जिसमें गुणवत्ता निष्पादन कौशल और तकनीकी योग्यता होगी।

ह्यूबैक समूह का 200 साल का इतिहास है और 2022 में क्लेरिएंट के साथ एकीकरण के बाद यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पिगमेंट समूह बन गया। ह्यूबैक का वित्त वर्ष 21 और वित्त वर्ष 22 में एक अरब यूरो से अधिक का राजस्व था, जिसमें विशेष रूप से यूरोप, अमेरिका और एपैक क्षेत्र में वैश्विक पहुंच थी। बढ़ती लागत, इन्वेंट्री मुद्दों और उच्च ब्याज दरों के कारण समूह को पिछले दो वर्षों में वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

एससीआईएल द्वारा ह्यूबैक का अधिग्रहण एक स्पष्ट टर्नअराउंड योजना के साथ इन चुनौतियों का समाधान करेगा। लेन-देन पर टिप्पणी करते हुए एससीआईएल के प्रबंध निदेशक राजेश राठी ने कहा कि हम इस लेन-देन से खुश हैं जो दो व्यवसायों को एक साथ लाता है जो प्रमुख वैश्विक बाजारों की सेवा करेंगे। हम इन दोनों कंपनियों को वास्तव में वैश्विक पिगमेंट कंपनी बनाने के लिए सावधानीपूर्वक एकीकृत करेंगे, जिसमें फ्रैंकफर्ट रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान बना रहेगा।

एससीआईएल अपनी चपलता और दक्षता के लिए जाना जाता है, और हम इस संस्कृति को संयुक्त कंपनी में शामिल करेंगे ताकि इसे सबसे अधिक ग्राहक-केंद्रित और लाभदायक पिगमेंट कंपनियों में से एक बनाया जा सके। यह अधिग्रहण 3-4 महीने में पूरा होने की उम्मीद है, बशर्ते कि नियामकों और एससीआईएल शेयरधारकों से अनुमोदन सहित पारंपरिक समापन शर्तें पूरी हो जाएं।

# सूडान से आयात घटने और घरेलू डिमांड बढ़ने से मगज तरबूज में उछाल

**जयपुर**

हाजिर माल की कमी तथा चौतरफा डिमांड के चलते मगज तरबूज (तरबूज के बीज) की कीमतों में इन दिनों जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। जयपुर मंडी में एक माह के अंतराल में ही मगज तरबूज 100 रुपए उछलकर वर्तमान में 525 रुपए प्रति किलो के आसपास थोक में बिकने लग गया है।

दीनानाथ की गली स्थित फर्म मालीराम दिनेश कुमार के मुकेश अग्रवाल ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के शुरू से ही अफ्रीकी देश सूडान से भारत में मगज तरबूज का आयात नहीं के बराबर हो रहा है, जबकि घरेलू स्तर पर इसका स्टॉक भी कम मात्रा में बचा हुआ है।

अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान जैसे महत्वपूर्ण उत्पादक राज्यों में मगज तरबूज का बिजाई क्षेत्र एवं उत्पादकता घटती जा रही है। हाईब्रिड किस्म की खेती अधिक होने लगी है, जिसमें बीज कम होते हैं।

ध्यान रहे 31 मार्च 2024 तक सूडान सहित कुछ अन्य देशों से भारी मात्रा में तरबूज बीज का आयात होने से घरेलू स्तर पर इसकी आपूर्ति एवं उपलब्धता बढ़ गई थी तथा कीमतों में भी नरमी आ गई थी। इसके भाव घटकर 400 रुपए प्रति किलो के आसपास आ गए थे। मगर अब फिर से डिमांड निकलने से इसकी कीमतें उछलने लगी हैं।

जहां तक देशी मगज तरबूज का सवाल है, पिछले साल इसका भाव 800 रुपए प्रति किलो की ऊंचाई पर पहुंच गया था। चूंकि इन दिनों सूडान से माल नहीं आ रहा है, लिहाजा स्टॉकिस्ट मगज तरबूज की भारी खरीदारी करने में व्यस्त हैं।

जानकारों के अनुसार तेजी का एक और कारण ये भी है कि इन दिनों काजू टुकड़ी के भाव 800 रुपए प्रति किलो के पार निकल गए हैं। इसलिए ग्रेवी एवं काजू कतली बनाने वालों की डिमांड भी मगज तरबूज में निकल गई है। ग्रेवी बनाने के लिए रेस्टोरेंट वालों की लिवाली मगज तरबूज में लगातार बनी हुई है। लिहाजा उक्त सभी कारणों को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि शीघ्र ही मगज तरबूज के भाव 650 रुपए प्रति किलो बन सकते हैं।

## पाकिस्तान टीम में बड़ा बदलाव, बाबर आजम सहित ये स्टार खिलाड़ी टीम से किए गए बाहर

**नईदिल्ली**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम में भूचाल सा आ गया है।दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए टीम का ऐलान किया गया है और इस टीम में बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह जैसे स्टार खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूरी नई टीम की घोषणा की है। टीम के कप्तान शान मसूद और उपकप्तान सऊद शकील हैं।

सरफराज खान भी पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान के दल का हिस्सा थे। उन्हें भी अब टीम से बाहर कर दिया गया है।दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए पाकिस्तान की टीम: शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मेहरान मुमताज, मीर हमजा, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), नोमान अली, सैम अयूब, साजिद खान, सलमान अली आघा और जाहिद महमूद।

# भारतीय टेक सेक्टर में जुलाई-सितंबर में हुए 76.1 करोड़ डॉलर के 83 सौदे

**नई दिल्ली**

भारतीय टेक सेक्टर में इस साल की तीसरी तिमाही में 76.1 करोड़ डॉलर मूल्य के 83 सौदे हुए, जो 2023 की दूसरी तिमाही के बाद से सबसे अधिक संख्या है। आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

ग्रांट थॉर्नटन भारत के डीलट्रैकर के अनुसार, दूसरी तिमाही की तुलना में सौदों की संख्या पांच प्रतिशत और मूल्य 31 प्रतिशत बढ़ा। इस दौरान 79 विलय-अधिग्रहण और निजी इक्विटी (पीई) के सौदे हुए जिनकी कुल कीमत 63.5 करोड़ डॉलर रही है।डील एक्टिविटी बड़े पैमाने पर अधिग्रहण की बजाय अधिक रणनीतिक निवेश की ओर बदलाव को दर्शाती है। हालांकि, इस तिमाही में दो करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य के 12 सौदे हुए।

सौदों में पीई का बोलबाला रहा। कुल सौदों में मूल्य के आधार पर 82 प्रतिशत योगदान पीई सौदों का रहा, जिसमें 10 करोड़ डॉलर से अधिक के तीन बड़े सौदे शामिल हैं, जिनका योगदान 35.8 करोड़ डॉलर था।

भारत में पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही की तुलना में संख्या के लिहाज से इस वर्ष 58 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, लेकिन मूल्य के हिसाब से 53 प्रतिशत गिरावट आई। जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल 5.9 करोड़ डॉलर मूल्य के दो आईपीओ हुए, जो पिछली तिमाही से बेहतर रहे। 6.7 करोड़ डॉलर मूल्य के दो सौदों के साथ क्यूआईपी गतिविधि स्थिर रही।

साल 2024 की पहली तिमाही में गिरावट के बाद विलय और अधिग्रहण गतिविधियों में उछाल आया, जो 2023 की दूसरी तिमाही के बाद से सबसे अधिक सौदों की संख्या को दर्शाता है। साल 2024 की तीसरी तिमाही में सौदों की संख्या 44 प्रतिशत बढक़र 26 हो गई, जो पिछली तिमाही में 18 थी। सौदों का मूल्य 205 प्रतिशत बढक़र 11.6 करोड़ डॉलर हो गया, जो दूसरी तिमाही में 3.8 करोड़ डॉलर था। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तीसरी तिमाही की तुलना में, मात्रा में 53 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि बड़े सौदों की अनुपस्थिति के कारण मूल्यों में 89 प्रतिशत की कमी आई। रिपोर्ट में कहा गया है, घरेलू विलय एवं अधिग्रहण गतिविधि 2022 की पहली तिमाही के बाद से अपने उच्चतम तिमाही स्तर पर पहुंच गई है, जो इस क्षेत्र में मजबूत गतिविधि को दर्शाता है। आउटबाउंड गतिविधि तीन वर्षों के उच्चतम तिमाही वॉल्यूम पर पहुंच गई है, जिसमें आउटबाउंड सौदे कुल सौदों का 62 प्रतिशत हैं।

# रणजी ट्रॉफी : जयदेव उनादकट ने प्रथम श्रेणी करियर का लिया 24वां 5 विकेट हॉल

**नईदिल्ली**



रणजी ट्रॉफी 2024 का आगाज हो चुका है। सौराष्ट्र क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा है।तमिलनाडु क्रिकेट टीम के खिलाफ उन्होंने पहले मुकाबले में 5 विकेट हॉल अपने नाम किया।एक समय तमिलनाडु का स्कोर 273/3 था, लेकिन उसके बाद उनादकट की शानदार गेंदबाजी के कारण उनकी पूरी टीम 121.3 ओवर में 367 रन बनाकर पवेलियन लौट गई।ऐसे में आइए उनकी गेंदबाजी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

उनादकट ने 24 ओवर गेंदबाजी की और 6 मेडन ओवर डाले। उन्होंने 61 रन खर्च कर 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उनकी इकॉनमी 2.54 की रही।इस खिलाड़ी ने नारायण जगदीशन (100), बाबा इंद्रजीत (40),भूपति कुमार (5), शाहरुख खान (8), सोनू यादव (0) और आर.साई किशोर (2) को अपना शिकार बनाया।यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का 24वां 5 विकेट हॉल है। इस टूर्नामेंट से पहले वह काउंटी क्रिकेट खेल रहे थे, जहां 5 मैचों में 22 विकेट झटके थे।

उनादकट ने अब तक 120 प्रथम श्रेणी मुकाबले खेले हैं। इस दौरान लगभग 23 की औसत से 431 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उन्होंने 21 बार 4 विकेट हॉल भी अपने नाम किया है।प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इस खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8/39 विकेट का रहा है।भारतीय क्रिकेट टीम के लिए उनादकट ने 4 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 7 पारियों में 77 की औसत से सिर्फ 3 विकेट लेने में सफल रहे हैं।

लिस्ट-ए क्रिकेट में उनादकट ने 124 मुकाबले खेले हैं और 28.18 की औसत से 179 विकेट झटके हैं। उन्होंने 6 बार 4 विकेट हॉल और 3 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/23 का रहा है।टी-20 क्रिकेट में उन्होंने 191 मैच खेले हैं और 24.09 की औसत से 226 विकेट लेने में सफल रहे हैं।सौराष्ट्र के इस खिलाड़ी ने 3 बार 4 विकेट हॉल और 2 बार 5 विकेट हॉल भी लिए हैं।

उनादकट ने हाल ही में 2025 और 2026 सीजन के लिए ससेक्स के साथ 2 साल का नया करार किया है। 32 वर्षीय खिलाड़ी ने ससेक्स को डिवीजन टू का खिताब जीतने में मदद की थी।उन्होंने क्लब की वेबसाइट से कहा, मैं अगले सीजन और उसके बाद भी वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। मैं फार्बी [पॉल फारब्रेस] और टीम के सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने यह एहसास दिलाया कि मैं यहां का हूं।

# पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड: बाबर आजम का दूसरे टेस्ट से बाहर होना तय

**नईदिल्ली**



पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी बाबर आजम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से राष्ट्रीय टीम से बाहर किया जाना तय नजर आ रहा है।यह निर्णय मुल्तान में इंग्लैंड के हाथों पाकिस्तान की पारी से हार के कुछ दिन बाद आया है।मोहसिन नकवी की अध्यक्षता वाली और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा नियुक्त 5 सलाहकारों वाली नवगठित चयन समिति ने लाहौर में एक बैठक के बाद बाबर को बाहर करने की सिफारिश की है।

चयन समिति की सिफारिश के बावजूद बाबर को कप्तान शान मसूद और टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी का समर्थन मिला है।मसूद ने सार्वजनिक रूप से बाबर को पाकिस्तान का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बताया तथा खिलाडिय़ों के साथ धैर्य रखने के महत्व पर बल दिया।गिलेस्पी ने भी यही राय दोहराते हुए टीम चयन में निरंतरता की वकालत की। हालांकि, पैनल का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में रन नहीं बना पाने के कारण बाबर के लिए ब्रेक फायदेमंद हो सकता है।

बाबर पिछले 2 साल से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और उन्होंने दिसंबर 2022 के बाद से कोई टेस्ट अर्धशतक नहीं लगाया।इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में वह 2 पारियों में 35 रन ही बना सके। इससे उनका अर्धशतक का सूखा 18 पारियों तक बढ़ गया और जनवरी 2023 से उनकी औसत 21 से नीचे आ गई।बता दें, वनडे विश्व कप 2023 से पाकिस्तान के बाहर होने के बाद बाबर की कप्तानी पर भी सवाल खड़े हुए हैं। आकिब जावेद, असद शफीक, अजहर अली, अलीम डार और विश्लेषक हसन चीमा की चयन समिति ने शनिवार को मसूद और गिलेस्पी से मुलाकात कर 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले टेस्ट के लिए टीम में बदलावों पर चर्चा की।अबरार अहमद के बीमार होने के कारण खेलने की संभावना नहीं है। शाहीन अफरीदी भी घुटने की चोट के कारण बाहर हो सकते हैं। चयनकर्ता नोमान अली और साजिद खान को संभावित स्पिनर के रूप में विचार कर रहे हैं।

## रजनीकांत-अमिताभ की वेट्टैयन ने ओपनिंग डे पर छापे 30 करोड़



बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन और साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की 'वेट्टैयन' साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म थी. फाइनली ये फिल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. इस फिल्म में सालों बाद दोनों सुपरस्टार एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आ रहे हैं. इससे पहले ये जोड़ी हम फिल्म में दिखी थी.

ऐसे में तमिल एक्शन थ्रिलर 'वेट्टैयन' का फैंस को बेसब्री से इंतजार था. वहीं सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद इसकी शुरुआत अच्छी रही है. चलिए यहां जानते हैं 'वेट्टैयन' ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ से ओपनिंग की है

अमिताभ बच्चन और रजनीकांत स्टारर एक्शन थ्रिलर का रिलीज से पहले काफी माहौल बन गया था. दरअसल 'वेट्टैयन' के ट्रेलर ने फैंस का इस फिल्म के लिए एक्साइटमेंट पीक लेवल पर कर दिया था. वहीं इस फिल्म के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इसे फर्स्ट डे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी. सोशल मीडिया पर भी 'वेट्टैयन' की काफी तारीफ हो रही है.

ऑडियंस से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के साथ ही अमिताभ बच्चन और रजनीकांत स्टारर फिल्म की ओपनिंग भी दमदार रही है. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'वेट्टैयन' ने रिलीज के पहले दिन 30 करोड़ का बिजनेस किया है।

## कार्तिक की भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने तोड़े सारे रिकॉर्ड्स, सिंघम अगेन को भी दी मात, 24 घंटे में मिले 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज



कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेटेड फिल्म भूल भुलैया 3 का ट्रेलर बुधवार को जयपुर में सिनेमा का मंदिर कहे जाने वाले राज मंदिर में लॉन्च हुआ. 24 घंटे में ट्रेलर ने इतिहास रच दिया है, यह सबसे ज्यादा बार देखा जाने वाला हिंदी ट्रेलर बन गया है. हाल ही में कार्तिक ने एक पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने लिखा कि भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. ये सबसे ज्यादा बार देखे जाने वाला हिंदी ट्रेलर बन गया है.

भूल भुलैया 3 की दिवाली पर सिंघम अगेन से सिनेमाघरों में टक्कर होने वाली है. दोनों के ट्रेलर भी आस पास ही रिलीज हुए हैं. पहले सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसे दर्शकों ने खूब प्यार दिया और इसे 24 घंटे में 138 व्यूज मिले. वहीं बुधवार को कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसे 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज मिले. जिससे भूल भूलैया 3 ने व्यूज के मामले में सिंघम अगेन को भी मात दे दी है.

## बंदा सिंह चौधरी का ट्रेलर रिलीज, पंजाब बचेगा तो देश बचेगा, अरशद वारसी ने उग्रवादियों के खिलाफ उठाए औजार



अरशद वारसी और मेहर विज स्टारर फिल्म बंदा सिंह चौधरी का बेहतरीन ट्रेलर रिलीज हो गया है. फिल्म भारत और पाक के युद्ध 1971 के बाद दोनों देशों में हुई सांप्रदायिक हिंसा पर बेस्ड है. फिल्म में अरशद वारसी और मेहर विज अहम रोल में नजर आने वाले हैं. जिनकी प्यार के कहानी के बीच सांप्रदायिक तनाव ने खटास पैदा कर दी है. फिल्म का निर्देशन अभिषेक सक्सेना ने किया है. फिल्म मौजूदा महीने को रिलीज होने जा रही है.

बंदा सिंह चौधरी के ट्रेलर की शुरुआत अरशद वारसी से होती है और वह शीशे में अपने बालों को बनाते दिख रहे हैं और इसके बाद फिल्म की हीरोइन मेहज विज की एंट्री होती है, जिसे देख अरशद का दिल फिसल जाता है. 1975 के बैकड्रॉप में चल रहे सीन में अरशद मेहर से शादी करने के लिए उतावले हो रहे हैं, वहीं अगले सीन में धमाका होता है और ट्रेलर का रुख रोमांटिक से सीधा हमलों पर आ जाता है, उग्रवादी अरशद के गांव में आते हैं और कहते हैं हिंदू पंजाब छोड़ो, इसके बाद कहानी में नई ट्विस्ट आता है और फिर पंजाबी और उग्रवादियों में जंग छिड़ जाती है.

अरबाज खान प्रोडक्शंस में बनी फिल्म बंदा सिंह चौधरी आगामी 25 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है. एककेएस मूवीज एंटरटेनमेंट, आआफिल्म्स, मेहर विज प्रोडक्शंस और जी म्यूजिक कंपनी की पेशकश फिल्म दर्शकों को इस्टोरिकल फेज दिखाने जा रही है.

फिल्म में भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री मेहर विज ने कहा कि जब सब कुछ बिखर जाता है तब यह कहानी उम्मीद और प्यार पाने के बारे में है। यह उस समय मजबूती से खड़े रहने के बारे में है जब दुनिया आपके इर्द-गिर्द बिखर जाती है।

फिल्म अपने किरदारों के माध्यम से समुदाय और देश के बीच तनाव को दिखाती है। जिसमें एकता की लड़ाई में दिल और संकल्प दोनों की मजबूती का परीक्षण होता है।

## शब्द सामर्थ्य- 206

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 205 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू-दोकू- 206

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.205 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिये शानदार रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। घर में नजदीकी संबंधियों का आगमन होगा और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

**वृष-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कोई नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य में फायदेमंद साबित होगी। आज काम जिस तरह चल रहे हैं, अभी उनमें किसी तरह का भी बदलाव लाने की कोशिश ना करें।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अचानक ही किसी मित्र से मुलाकात होगी और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे नई ऊर्जा और स्फूर्ति महसूस करेंगे। कोई खास कार्य सिद्धि भी संभव है।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी से सलाह लेनी चाहिए। अपने अहम् पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज किसी से अनबन की स्थिति में अपने गुस्से पर काबू रखें।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक रहेगा।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आपके मन में किसी प्रकार का डर रहेगा लेकिन डरने की बात नहीं है यह आपकी ओवर थिन्किंग के कारण हो सकता है।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। ऑफिस में कुछ राजनीति जैसा माहौल रह सकता है।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी।